## सार-समाचार

### डॉ. कैलाश प्रदेश संयोजक बने

**झुंझुनूं/मंडावा/पिलानी।** जिले के कस्बा मंडावा निवासी डॉ. कैलाश किशन लाहौरा को वाल्मिकी शिक्षा फाउंडेशन का राजस्थान प्रदेश शाखा का संयोजक नियुक्त किया गया है। डॉ. लाहौरा को इस पद के लिए वाल्मिकी शिक्षा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार तेजी ने नियुक्ति पत्र जारी कर राजस्थान प्रदेश शाखा का संयोजक बनाया है। डॉ. लाहौरा को राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार तेजी ने उनको सामाजिक क्षेत्र में उनके लंबे समय का अनुभव होने के कारण तथा शिक्षा के प्रति वे वाल्मिकी समाज के एक जागरूक व्यक्ति होने पर नियुक्त किया है। डॉ. कैलाश किशन लाहौरा को वाल्मिकी समाज की गतिविधियों का उनको बहुत अच्छा अनुभव है। डॉ. लाहौरा फाउंडेशन को शिक्षा के क्षेत्र में वाल्मिकी समाज की प्रतिभाओं को निखारने के लिए फाउंडेशन को अपना सहयोग प्रदान करेंगे। जिससे वाल्मिकी समाज के युवाओं एवं नई पीढ़ी के लिए नए आयाम स्थापित करने का अवसर मिलेगा। डॉ. लाहौरा को नियुक्ति पत्र फाउंडेशन के चीफ कॅरिअर काउंसलर जगमालसिंह बिंवाल, चीफ सेक्रेटरी सतीश सांगेलिया व चेयरमैन राकेश कुमार तेजी ने प्रदान किया है। उनको बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य कि कामना की है। डॉ. कैलाश किशन लाहौरा कि इस नियुक्ति पर ओमप्रकाश लोहिया बीकानेर, रेखा वर्मा कलोसिया लाखेरी बूंदी, लक्ष्मीनारायण टांक अजमेर, अनिल वर्मा सवाईमाधोपुर, प्रकाश हड़तालें अलवर, मनन गोपाल चांवरिया जयपुर सहित अन्य गणमान्य कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### जागरूकता सेमिनार का आयोजन

**पिपराली सर्किल।** सीकर स्थित प्रिंस लोटस वैली स्कूल व प्रिंस हाई स्कूल में स्पर्श जागरुकता अभियान के तहत् सुरक्षित बचपन, जागरुक किशोर एवं जिम्मेदार युवा के रूप में विद्यार्थियों को जागरुक किया गया। सेमिनार में राकेश कुमार लाटा, एडीपीसी, समठा शिक्षा सीकर, सुनीता रेवाड़, स्पर्श सुरक्षित बचपन कार्यक्रम जिला समन्वयक व स्पर्श वॉलिंटियर सुरेश चौधरी, प्रशासनिक अधिकारी, परिवहन विभाग सीकर बतौर वक्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम में राकेश कुमार लाटा ने बाल शोषण के प्रति जागरूक करने हेतु विद्यार्थियों को दैनिक जीवन के विभिन्न उदाहरणों द्वारा गुड टच व बैड टच की पहचान के तरीके बताये। साथ ही सामाजिक मानकों व चारित्रिक मूल्यों का आदर्श प्रस्तुत कर बच्चों को स्पर्श सुरक्षित बचपन उपलब्ध कराने एवं श्रेष्ठ नागरिक के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रिंस स्कूल प्रबंध निदेशक मनोज ढाका, प्रिंसिपल प्रोमिला यादव व संजय वर्मा ने अतिथियों का सम्मान किया। सेमिनार में प्रिंस स्कूल व प्रिंस लोटस वैली स्कूल के हजारों विद्यार्थी सहित समस्त स्टाफ मेंबर्स उपस्थित रहे।

### अधिकारी ने फील्ड में उतरकर जानी एसआईआर अभियान की प्रगति

**सीकर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन रतन कुमार स्वामी ने शनिवार को सीकर शहर के मतदान बूथ संख्या 73 एवं 74 के बीएलओ के अभियान में कम प्रगति पाए जाने पर फील्ड में उतरकर क्षेत्र के मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किया तथा आमजन को इस बारे में जानकारी देकर एसआईआर अभियान 2026 में अपनी अधिक से अधिक भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वामी द्वारा एफसीएम तथा पिंक पखवाड़ा को लेकर जिला मुख्यालय पर आयोजित प्रशिक्षण में मेडिकल एवं हेल्थ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ट्रेनिंग में ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरने के बारे में विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्होंने सभी से गणना प्रपत्र ऑनलाइन ही भरने की बात कही। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन गणना प्रपत्र भरने की शुरुआत हो चुकी है, अतः आमजन अधिक से अधिक गणना प्रपत्र ऑनलाइन ही भरें। इस दौरान रामनरेश ढाका सहित निर्वाचन विभाग के अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

### समुदाय की सेवा महत्वपूर्ण : कालावत

**झुंझुनूं।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में जिला स्तरीय सामुदायिक विकास सेमीनार का आयोजन स्काउट गाइड कार्यालय परिसर में किया गया। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न स्थानीय संघ के सचिव, स्काउटर, गाइडर, रोवर्स, रेंजर्स, स्काउट्स रोवर्स, गाइड्स उपस्थित रहे। इन्हें प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता एवं उप राष्ट्रपति अवार्ड प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया ने समुदाय एवं स्काउटिंग विषय की महत्वत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें समुदाय के बीच रहकर समाज सेवा के कार्यों को करना चाहिए ताकि समाज से निरंतर जुडऋाव रहे। इस दौरान पूर्व सहायक राज्य संगठन आयुक्त मान महेंद्र सिंह भाटी ने प्रधानमंत्री शील्ड एवं उप राष्ट्रपति अवार्ड प्रतियोगिता के बारे में विशेष जानकारी दी। सेमीनार के दौरान स्थानीय संघ सचिव खेतड़ी जितेंद्र कुमार ने सभी से निवेदन किया कि हमें सामुदायिक विकास सेवा के विभिन्न प्रकल्पों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। सीओ गाइड प्रियंका कुमारी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सामुदायिक विकास कार्यक्रम राष्ट्रपति अवार्ड एवं राज्य पुरस्कार पाठ्यक्रम का हिस्सा है। इसलिए स्काउट गाइड, रोवर्स रेंजर्स को यह कार्य करना चाहिए। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# 'आदिवासी अस्मिता, स्वायत्तता के प्रतीक थे बिरसा मुंडा'

- **भगवान बिरसा मुंडा की जन्म सार्धशती वर्ष के उपलक्ष में आदिवासी समाज के उत्थान और स्वतंत्रता संग्राम में बिरसा मुंडा के योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन**

**झुंझुनूं।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झुंझुनूं द्वारा आदिवासियों के मसीहा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म सार्धशती वर्ष के उपलक्ष में आदिवासी समाज के उत्थान और स्वतंत्रता संग्राम में बिरसा मुंडा के योगदान विषय पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन केशव आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में किया गया। एबीवीपी के जिला संयोजक अभयप्रताप सिंह ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की जन्म सार्धशती वर्ष के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आरएसएस के विभाग संघ चालक अशोक सिंह थे।

विशिष्ट अतिथि युवा व्यवसायी अभिषेक शर्मा और विशेष उपस्थिति के रूप में एबीवीपी विभाग संयोजक लक्ष्मण प्रजापत रहे। मुख्य वक्ता विभाग संघचालक राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ अशोक सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि आदिवासी अस्मिता, स्वायत्तता, सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की आवाज बुलंद करने वाले भगवान बिरसा मुंडा को भारत में आदिवासियों के नायक ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में उन्हें अदम्य साहस और संघर्ष का पर्याय माना जाता है। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा ने अपनी भूमि को अंठोजी राज से स्वतंत्र करवाने के लिए उनके खिलाफ अनेकों विद्रोह किए।

ये सभी विद्रोह आदिवासियों की पारंपरिक भूमि व्यवस्था खुंटकटी प्रणाली का विघटन, जमींदारी प्रथा-बाहरी जमींदारों दिकू द्वारा आदिवासियों का शोषण और अधिक लगान वसूली, ईसाई मिशनरियों द्वारा आदिवासी संस्कृति में हस्तक्षेप और धर्म परिवर्तन का प्रयास, बेगार प्रथा-आदिवासियों से जबरन बिना मजदूरी के काम कराना के खिलाफ लड़ाई के साथ-साथ जंगल भूमि का युद्ध छेड दिया। यह सिर्फ विद्रोह नहीं था। बल्कि यह आदिवासी स्वाभिमान, स्वतंत्रता और संस्कृति को बचाने का संघर्ष था। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अभिषेक शर्मा ने कहा कि 25 वर्ष के अपने अल्पकालिक जीवन में भगवान बिरसा मुंडा ने कई क्रांतिकारी कार्य किए। शर्मा ने बताया की बिरसा मुंडा ने आदिवासियों में प्रचलित अनेक बुराइयों शराबखोरी, काले जादू और अंधविश्वासों में विश्वास तथा जबरन श्रम (बेथ बेगारी) के विरुद्ध अभियान चला कर कुप्रथाओं को त्यागने का आव्हान किया। बिरसा ने आदिवासियों में स्वच्छ जीवन, स्वच्छता और आध्यात्मिक एकता को प्रोत्साहित करते हुए जनजातीय संस्कृति और सामुदायिक भूमि स्वामित्व पर गर्व करना सिखाया। एबीवीपी के विभाग संयोजक लक्ष्मण प्रजापत ने एबीवीपी की स्थापना से लेकर आज तक के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित युवाओं से दुनिया के सबसे बड़े छात्र संगठन एबीवीपी से जुड़ कर राष्ट्र पुनर्निर्माण में अपना योगदान देने का आव्हान किया।

साथ ही बिरसा मुंडा के जीवन चरित्र से राष्ट्र प्रेम एवं अपनी जन्मभूमि के लिए सब कुछ न्यौछावर करने जैसे विचारो को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के अंत में एबीवीपी के नगर मंत्री रोहित गुर्जर ने उपस्थित युवाओं और मंचस्थ अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में दिव्या शर्मा, गौरव थलोर, विनित सहित सैंकड़ों की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## झुंझुनूं की रौनक ने जिले में लहराया परचम

**झुंझुनूं।** सेठ नेतराम मघराज टीबडेवाला राजकीय महिला महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा रौनक ने हाल ही में डॉ. भीमराव अंबेडकर फाउंडेशन मूंडला द्वारा आयोजित जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए रौनक को 3100 रूपए की नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। रौनक ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और उत्कृष्ट लेखन कौशल के बल पर प्रतियोगिता में भाग लेकर यह मुकाम हासिल किया। इस सफलता पर महाविद्यालय में हर्ष की लहर दौड़ गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह ने रौनक को सम्मानित करते हुए कहा कि रौनक ने अपनी लगन, अनुशासन और प्रतिभा से न केवल स्वयं को गौरवान्वित किया है, बल्कि महाविद्यालय का नाम भी पूरे जिले में रोशन किया है। ऐसी छात्राओं से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। महाविद्यालय परिवार के समस्त संकाय सदस्यों, छात्राओं एवं कर्मचारियों ने रौनक की इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। रौनक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों एवं परिवार को देते हुए कहा कि महाविद्यालय के शिक्षकों ने हमेशा मेरा मार्गदर्शन किया और मुझे प्रोत्साहित किया, जिसके कारण मैं यह उपलब्धि हासिल कर सकी।

## ईएसआईसी के तहत इलाज

**झुंझुनूं।** मंडावा रोड पर गणपति नगर स्थित ढूकिया हॉस्पिटल में ईएसआईसी के तहत एक रोगी का ईलाज किया गया। बाकरा निवासी रामनिवास के पेट में दर्द हुआ। जिसकी डॉ. अमित चौधरी द्वारा जांच करवाने पर अपेंडिक्स लम्प पाया गया। जिसका सफल ईलाज ढूकिया हॉस्पिटल में जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन विशेषज्ञ डॉ. अमित चौधरी द्वारा ईएसआईसी के तहत कैशलेस किया गया। मरीज को चार दिन बाद छुट्टी दे दी गई। जो अब स्वस्थ है। उनके परिजनों ने ढूकिया हॉस्पिटल एवं डॉ. अमित चौधरी को इसके लिए धन्यवाद दिया। डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि ढूकिया हॉस्पिटल में ईएसआईसी के तहत आईपीडी के साथ ओपीडी में जांच व दवाइयां की सुविधा कैशलेस हैं। डॉ. ढूकिया ने बताया कि अस्पताल में एक ही छत के नीचे न्यूरो एवं स्पाइन रोग, गुर्दा व मूत्र रोग रोग, घुटना कूल्हा ट्रांसप्लाट व हड्डी जोड़ सर्जरी व ट्रोमा, सर्जरी विशेषज्ञ की नियमित सेवाएं उपलब्ध है।

# शिविर में 181 युवाओं ने रक्तदान किया

- **रक्तदान शिविर में ग्रामीण युवाओं, महिलाओं ने बढ़चढ़ कर रक्तदान किया**

**सुजानग।** निकटवर्ती भीमसर ठााम पंचायत की पीएचसी में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। युवा नेता बाबूलाल पांडर के जन्मदिवस के मौके पर आयोजित रक्तदान शिविर में ग्रामीण युवाओं, महिलाओं ने बढ़चढ़ कर रक्तदान किया। अजमेर की ब्लड बैंक के द्वारा रक्त संठाहित किया। 181 रक्त दाताओं ने रक्तदान किया। बाबूलाल पांडर ने कहा कि फिजूलखर्ची ना करते हुए जरूरतमंदों के लिए गांव से रक्तदान करने का निर्णय लिया था। जिस पर गांव के लोगों ने चढ़चढ़ कर सहयोग किया है। पांडर ने रक्तदाताओं का माल्यार्पण व प्रशस्ति पत्र देकर कर स्वागत किया। इस मौके पर शिविर का एनएसयूआई के प्रदेश सचिव आलोक घिंटाला, राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्र नेता शिवप्रसाद जाट ने शिविर का अवलोकन कर रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बाबूलाल पांडर, शिवलाल पांडर, रामनिवास पांडर, मनोहर पांडर, मुकेश पांडर, अनिल पांडर, भोजराज खीचड़, योगेन्द्र जाट माली, रामूराम ढ्रिढारिया, रामचंद्र ढ्रिढारिया, हरीश डूकिया, शुभम मॉयल, प्रदीप चोटिया, बसंत दाधीच, प्रेमचंद जाट माली, राजू ढ्रिढारिया, भागीरथ माली, राकेश डूकिया, राधेश्याम जाट माली मौजूद रहे। उत्तरी बर्फीली हवाओं से सीकर में शुक्रवार रात से ही सर्द हवाओं ने जोर पकड़ा है। आज सुबह यहां सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.5 डिठाी से नीचे पहुंच चुका है। आसमान साफ होने के कारण सुबह और रात के समय लोगों को जोरदार ठंडक का एहसास हो रहा है। अब आगे ठंड बढ़ेगी। मंगलवार से अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। सीकर के कृषि अनुसंधान केंद्र फतेहपुर पर आज सुबह न्यूनतम तापमान 5.5 डिठाी दर्ज किया गया। इससे पहले यहां शनिवार को न्यूनतम तापमान 5.6 डिठाी और अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री दर्ज किया गया था। सीकर में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। आज सुबह नवंबर महीने में अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है। मौसम एक्सपर्ट्स का मानना है कि शेखावाटी एरिया में लगातार उत्तरी हवाएं सक्रिय रहने की वजह से तापमान में गिरावट रहने के साथ सुबह-शाम खासी सर्दी का दौर जारी रहेगा। हालांकि मंगलवार को इन उत्तरी हवाओं का प्रभाव मामूली कम होगा, जिससे थोड़ी राहत मिलने की संभावना है। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार सीकर में सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है।

# राज्य में 17 नवम्बर से शुरू होगा पिंक पखवाड़ा

- **एसआईआर अभियान के तहत गणना प्रपत्र ऑनलाइन भरने का प्रशिक्षण दिया**
- **एफसीएम तथा पिंक पखवाड़ा को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रशिक्षण का आयोजन**

**सीकर।** गर्भावस्था में महिला की मृत्यु का एक मुख्य कारण है एनीमिया। एनीमिया की रोकथाम तथा समय पर गर्भवती की जांच व प्रबंधन को लेकर राज्य सरकार गंभीर है। इसको लेकर प्रदेश में 17 से 30 नवम्बर तक पिंक पखवाड़ा शुरू किया जाएगा। इस संदर्भ में शनिवार को जिला मुख्यालय पर श्री परसराम भवन में जिले के सभी बीसीएमओ व चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया की अध्यक्षता में हुआ। प्रशिक्षिण में सीएमएचओ डॉ अशोक महरिया ने गर्भवती की समय पर जांच कर एनीमिया का प्रभावी प्रबंधन करने पर जोर देते हुए कहा कि यह तभी संभव है जब गर्भवती का शीघ्र पंजीकरण तथा समय पर जांच हो। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्भवती की समय पर जांच और एनीमिया का प्रभावी प्रबंधन करें। साथ ही उन्होंने चिकित्सा संस्थानों में एनपीए लेने वाले चिकित्सकों की सूची प्रदर्शित करने, संस्थान में बॉयो मेटिक उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा ब्लॉक व सभी सेक्टर अधिकारियों को समय समय पर संस्थानों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह, एसके मेडिकल कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राजकमल, डॉ बबीता, डॉ प्रियंका बेनीवाल ने पीपीटी के माध्यम से पखवाड़े तथा एनीमिया की रोकथाम व प्रबंधन के लिए शुरू किए जा रहे एफसीएम इंजेक्शन के बारे में जानकारी दी। आरसीएचओ डॉ विशाल सिंह ने बताया कि राज्य सरकार मातृ मृत्यु व शिशु मृत्यु को गंभीर है।

## हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**रतनगढ़।** रतनगढ़ में मेगा हाइवे पर शनिवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया। जानकारी के अनुसार सीवरेज कार्य करने वाले ठेकेदार के पांच कार्मिक सुजानगढ़ में काम पूरा कर देर रात रतनगढ़ लौट रहे थे। इस दौरान उनकी बोलेरो गाड़ी जैसे ही पड़िहारा स्थित माताजी मंदिर रेलवे फाटक के पास पहुंची, तो गाड़ी रेलवे द्वारा लगाए गए पोल से जोरदार टकरा गई।

# श्री रामकथा शुभारंभ पर निकली भव्य कलश यात्रा

- **श्रद्धा, भक्ति और आस्था से सराबोर हुआ रतनगढ़**

**रतनगढ़।** नगर में शनिवार का दिन पूरी तरह से धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव से सराबोर रहा, जब नव दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा और शोभायात्रा के साथ हुआ। सुबह से ही शहर के प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। कलश यात्रा का शुभारंभ श्री तालवाले बालाजी मंदिर प्रांगण से हुआ, जो अशोक स्तंभ से होते हुए शिवाजी सेवा संस्थान के विशाल धर्म प्रवचन पंडाल तक पहुंची, जहां यह शोभायात्रा एक विशाल धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। लगभग एक किलोमीटर लंबी यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर भक्ति गीतों और भगवत संकीर्तन के स्वर गूंजाए। नगर के मुख्य बाजार में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा से कलश यात्रा का स्वागत किया। आर्या पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी पंक्तिबद्ध होकर यात्रा का स्वागत किया और वातावरण जय श्रीराम के उद्घोषों से गुंजायमान हो उठा। यात्रा में भगवान श्री गणेश, श्री राम दरबार, भगवान शिव की आकर्षक झांकियां और बैंड-बाजों की मधुर धुनों ने माहौल को भक्ति रस से परिपूर्ण बना दिया। कथा के प्रथम दिवस पर कथावाचक संत प्रहलादजी महाराज ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कथा का वाचन आरंभ करते हुए धर्मोपदेश दिया कि राम कथा मानव जीवन में भक्ति, श्रद्धा और सत्य के भावों को जागृत करती है। अनेक जन्मों के पुण्य उदय से ही श्रीराम कथा का श्रवण संभव होता है। यह कथा मानव के समस्त दुखों और पापों का नाश कर आत्मा को शुद्ध करती है। उन्होंने कहा कि दैहिक, दैविक और भौतिक - ये संसार के तीन प्रमुख दुख हैं, जिनका निवारण भी रामकथा के श्रवण से संभव है। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य यजमान गोविंदप्रसाद जयदेवप्रसाद मिटावा परिवार ने वेद मंत्रोच्चार के बीच व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की और कथा आरंभ की औपचारिक घोषणा की। इस पावन अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य जन, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिनमें पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवांपालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत सारस्वत, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोषबाबू इंदौरिया, वरिष्ठ कांठोस नेता रमेशचंद्र इंदौरिया, शिक्षाविद अंबिकाप्रसाद हारित, कुलदीप व्यास, किशोरीलाल बील, सांवरमल तोसावड़, सुशील गौड़, वरिष्ठ पत्रकार नारायण प्रसाद सैनी, पवन माटोलिया, पार्षद श्रवण सैनी, निर्मल भुडाढरा, सुरेश मुरारका, आर्या पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ अनुराग हारित, लक्ष्मीनारायण मिटावा, भंवरलाल मिटावा, हरिप्रसाद मिटावा, हिमांशु मिटावा, ओमप्रकाश मिटावा, भगवतीप्रसाद, रामेश्वरलाल, पूर्णमल मिटावा, हीरालाल नोहाल, ओमप्रकाश टाक, नंदकिशोर गढ़वाल, निरंजन स्वामी, पवन कुल्थिया, हनुमानसिंह शेखावत सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और संत प्रहलादजी महाराज के प्रवचनों ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इस आयोजन में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन न होकर समाज में सद्भाव, भक्ति और मानवीय मूल्यों का प्रसार करना बताया गया। कथा का आयोजन नौ दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन संगीतमय प्रवचन, भजन संध्या और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रहेगा।

# अधिक स्क्रीन टाइम से बच्चों की दूर की नजर हो रही कमजोर, जंक फूड ने भी रोकी ग्रोथ

- **प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में स्त्री शक्ति की तरफ से हेल्थ अवेयरनैस कैंप हुआ, 1000 से ज्यादा बच्चों की जांचा स्वास्थ्य, दिया रिपोर्ट कार्ड**

**झुंझुनूं।** मोबाइल और लैपटॉप पर स्क्रीन टाइम ज्यादा होने के कारण बच्चों की दूर नजर कमजोर होती जा रही है। तो वहीं पैक्ड फूड और जंक फूड खाने से ना केवल बच्चों की इम्यूनिटी कमजोर हो रही है। बल्कि ना तो इनका वजन बढ़ पा रहा है और ना ही ग्रोथ हो पा रही है। यह जानकारी शनिवार को सामने आई स्त्री शक्ति महिला समूह की ओर से आयोजित हेल्थ अवेयरनेस कैंप में। दरअसल सामाजिक सरोकार निभाते हुए स्त्री शक्ति महिला समूह की ओर से शनिवार को रीको स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल में हेल्थ अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 1000 से अधिक बच्चों के स्वास्थ्य को छह चिकित्सकों की टीम ने जांचा और उनका पूरा एक रिपोर्ट कार्ड सौंपा। इस मौके पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पल्लवी चौधरी, स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका बुडानिया, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रणजीत गौरा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनिता मील, डेंटल एंड इम्पलान्ट स्पेशलिस्ट डॉ. मीना शेखावत तथा डेंटल सर्जन डॉ. हिमानी नूनियां ने अपनी सेवाएं दी। इस शिविर में सभी बच्चों को उनका वजन, हाइट और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ डॉक्टर्स द्वारा आंख, स्वास्थ्य और दांतों को लेकर महत्वपूर्ण परामर्श दिया गया है। जिससे बच्चे के पेरेंट्स अलर्ट रहे और अपने बच्चों का ख्याल रखे। इससे पहले कैंप का शुभारंभ प्रिंस इंटरनेशनल ठाुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर, डायरेक्टर निर्मल कालेर, स्त्री शक्ति समूह की सदस्यों और डॉक्टर्स की टीम ने फीता काटकर किया। स्त्री शक्ति समूह की ललित राठौड़ व डॉ. मीना शेखावत ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में संभावित स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान करना और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूक करना था। जांच टीम में बाल रोग विशेषज्ञ, नेत्र विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक और सामान्य चिकित्सकों सहित सात डॉक्टर शामिल थे। शिविर में अन्नूश्री डायग्नोस्टिक सेंटर झुंझुनूं की मदद से प्रत्येक छात्र की लंबाई, वजन, रक्तचाप और सामान्य शारीरिक जाँच की। बच्चों की आंखों और दांतों का विशेष रूप से परीक्षण किया गया। ताकि दृष्टि और मौखिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समय पर पता लगाया जा सके। आवश्यकतानुसार, बच्चों को उचित खान-पान, स्वच्छता और मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। जांच के बाद, सभी बच्चों को एक व्यक्तिगत हेल्थ कार्ड (स्वास्थ्य कार्ड) वितरित किया गया। इस कार्ड में बच्चे के स्वास्थ्य संबंधी सभी महत्वपूर्ण रिकॉर्ड, जैसे ऊंचाई, वजन, ब्लड ठाुप और जांच के निष्कर्षों को दर्ज किया गया है। यह कार्ड भविष्य में माता-पिता और डॉक्टरों के लिए बच्चे के स्वास्थ्य की निगरानी में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। इस मौके पर अन्नूश्री डायग्नोस्टिक सेंटर से मुकेश कुमार, स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल डॉ. अनिता पंत शर्मा, महेंद्र सैनी, स्त्री शक्ति की ओर से ललित राठौड़, डॉ. मीना शेखावत, सुमन मील, मंजू कुमावत, अंजू शर्मा, सुमन कंवर तथा सुनिता पूनियां मौजूद थी। जिन्होंने आयोजन में अपना सक्रिय सहयोग भी दिया। इस मौके पर अन्नूश्री डायग्नोस्टिक की तरफ से 25 के करीब महिलाओं की कैंसर स्क्रीनिंग भी फ्री की गई। इस मौके पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पल्लवी चौधरी ने बच्चों को पैक्ड फूड्स और जंक फूड्स से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने इस मौके पर बताया कि दरअसल पैक्ड फूड्स में हाई इन फैट, शुगर और सॉल्ट होता है। इसके कारण बच्चों को पोषक तत्व, विटामिन और मिनरल्स नहीं मिल पा रहे है। इन्हीं विटामिन और मिनरल्स की कमी से बच्चों की ठाोथ भी नहीं हो पा रही। साथ ही इम्यूनिटी की कमी के कारण वे जरा से मौसम परिवर्तन में ही खांसी, जुकाम और बुखार आदि की चपेट में आ जाते है। सही खान पान के कारण अकसर इंफेक्शन भी हो जाता है। जिसके कारण पेट दर्द और मुंह में छाले की शिकायतें भी आती है। इसके लिए बच्चों को घर का पौष्टिक खाना ही खिलाना चाहिए। इसी तरह नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनिता मील ने बताया कि ज्यादा स्क्रीन टाइम और आउटडोर का समय कम होने के कारण बच्चों की दूर की नजर कमजोर हो रही है। इसके लिए सीमित स्क्रीन टाइम और अधिक से अधिक आउटडोर गतिविधियों की जरूरत है। इस मौके पर प्रिंस इंटरनेशनल ठाुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य हमारी पहली प्राथमिकता है। यह पहल बच्चों को स्वस्थ और सुरक्षित माहौल प्रदान करने के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी उनके बच्चे के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने डॉक्टरों की पूरी टीम और स्टाफ को इस सफल पहल के लिए धन्यवाद दिया।

## सार-समाचार

### बॉलीवुड कलाकार चौधरी अलीपुर गांव पहुंचे

**झुंझुनूं।** ब्लॉकबस्टर फिल्में दंगल, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, भूल भुलैया 2 के अलावा दर्जनों फिल्मों में काम करने वाले बॉलीवुड कलाकार अपनी निजी यात्रा पर झुंझुनूं के अलीपुर गांव आए है। मूल रूप से अलीपुर के रहने वाले कर्मवीर चौधरी अपने छोटे भाई के बेटे शिवम की शादी में हिस्सा लेने के लिए अलीपुर आए है। गांव पहुंचने पर ठाामीणों ने कर्मवीर चौधरी का स्वागत किया। इस मौके पर कर्मवीर चौधरी ने स्टार प्लस पर अपने इस इश्क का रब ही राखा को लेकर चर्चा की और बताया कि वे इस सीरियल में बाजवा परिवार के वरिष्ठ सदस्य की भूमिका निभा रहे है। आपको बता दें कि कर्मवीर चौधरी का अपने गांव के प्रति हमेशा ही लगाव रहते है। गांव में होने वाले हर छोटे से छोटे कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए वे मुंबई से गांव अलीपुर आते है।

### 'टच स्क्रीन मोबाइल से दूर रहे'

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय पर स्थित परमवीर पीरूसिंह राउमावि झुंझुनूं के सभागार में मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य वक्ता एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति जिलाध्यक्ष सिविल राइट सोसायटी चुरू ने बच्चों को संस्कारित शिक्षा देते हुए कहा कि टच स्क्रीन मोबाइल से दूर रहना है। ये बच्चों के लिए अभिशाप है। बीस साल से ऊपर के बच्चों के लिए इसका सदुपयोग वरदान साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि अभावों को ताकत बना कर आगे बढ़ना है। उन्होंने बच्चों को सुबह चार बजे से पहले उठकर पढ़ना और तीन घंटे घर पर पढकर आने का स्वैच्छिक संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि लिखकर पढना है। अंकुरित अनाज को भोजन का हिस्सा बनाना है। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षाप्रद स्वरचित कविता छुट्टी पढ़ाई रे बाबलै कठै परणाई रे, नौकरानी समझै, समझै पराई रे... सुनाकर प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल आशा नीलू ने की। कार्यक्रम में सुनिता महला, सौरभ, कांतिलाल, बजरंगलाल, उर्मिला, संगीता प्रेमी देवी आदि ने सहभागिता दी। कार्यक्रम का संचालन रामकरण बिंवाल ने किया।

### निरीक्षण कर देखी स्वास्थ्य सेवाएं

**झुंझुनूं,।** सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने तीन चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर चिकित्सा सेवाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव, इंडाली और भडौंदा का निरीक्षण कर ओपीडी, आईपीडी सेवाएं, उपलब्ध दवाओं और जांचों की स्थिति को जांचा। उन्होंने तीनों संस्थाओं में मां योजना में अधिकाधिक पैकेज बुक करने के निर्देश दिए। डॉ. गुर्जर ने अस्पतालों में संस्थागत प्रसव बढ़ाने, एनसीडी के तहत बीपी, शुगर, कैंसर, स्क्रीनिंग कर डाटा अपलोड करने और पॉजीटिव केस का फॉलोअप करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने संस्थान पर उपलब्ध भौतिक और मानव संसाधनों का समुचित सदुपयोग के निर्देश दिए। उन्होंने मरमत योग्य भवनों के लिए प्राप्त बजट से भवन का मरमत कार्य करने पर गुणवत्ता का ध्यान रखने को कहा।

### श्रीराम गौशाला की आधारशिला रखी

**झुंझुनूं।** जिले के सारी गांव के जजाडिया जोहड में श्रीराम गौशाला की आधारशिला सादे समारोह में रखी गई। श्रीराम गौशाला सेवा समिति सारी के अध्यक्ष राजेंद्र पचार ने बताया कि जोहड़ में पूजन, पूजा पाठ कर ठाामीणों के सहयोग से गौशाला निर्माण होगा। जिसकी नींव रखी गई है। महासचिव महेश बराला और कोषाध्यक्ष संदीप पचार ने बताया कि इस मौके पर सबसे पहले पूजा पाठ हवन किया गया। उसके बाद समिति सदस्य और गांव के वरिष्ठ लोगों के द्वारा आधारशिला रखी। इस अवसर पर कैलाशदास महाराज, राजकुमार पचार, मोहरसिंह पचार, जमनलाल बराला, फूलसिंह बराला, राजवीर पचार, मोहनलाल मिस्त्री, नहायलसिंह, महावीर पचार, मंदरूप पचार, राहुल पचार, रामसिंह पचार, विकेश, महेश, संदीप फौजी, गोलू फौजी, सोमवीर पचार, सत्यवीर मावर, कर्मवीर आदि मौजूद रहे।

### सृष्टि ने जीता रजत पदक

**झुंझुनूं।** सेठ नेतराम मघराज टीबड़ेवाला राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्रा सृष्टि कुमारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय निशानेबाजी प्रतियोगिता में रजत पदक पर निशाना लगाया। इस उपलब्धि पर होनहार छात्रा का महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने सम्मान किया। महाविद्यालय खेल प्रभारी डॉ. प्रीतम सिंह ने बताया कि सेठ जीबी पोद्दार महाविद्यालय नवलगढ में आयोजित प्रतियोगिता में छात्रा ने 200 में से 191 प्वाइंट प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया और रजत पदक हासिल किया।

### रिटायर्ड डीजीपी मेहरडा आएंगे

**झुंझुनूं।** अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी के चुनावों को लेकर नौ नवंबर रविवार को महत्वपूर्ण बैठक होगी। मेघवाल समाज के सुरेश चितौसा ने बताया कि नौ नवंबर रविवार को शाम पांच बजे जिला मुख्यालय पर एनएमटी कॉलेज के पास स्थित राजघराना रेस्टोरेंट में होगी।

## सेवा के लिए सम्मान किया

**रतनगढ़।** शहर में अपनी निष्पक्षता, कर्तव्यनिष्ठा और सौम्य व्यवहार के लिए पहचाने जाने वाले पुलिस निरीक्षकदिलीप सिंहको आज टीम गैलेक्सी की ओर से भावपूर्ण विदाई एवं सम्मान समारोह में विदाई दी गई। इस अवसर पर गैलेक्सी ठाुप अहमदाबाद एवं गैलेक्सी सिक्योरिटीज के अध्यक्ष समाजसेवी हेमंत डॉ. जिज्ञासा ताम्रायत के निर्देशानुसार रतनगढ़ स्थित गैलेक्सी टीम ने सीआई दिलीप सिंह को साफा पहनाकर, माला एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में रविकांत इंदौरिया एवंप्रदीप आत्रेय ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर सीआई दिलीप सिंह को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और जनसेवा भावना के लिए सराहा। दोनों ने कहा कि दिलीप सिंह ने अपने कार्यकाल में रतनगढ़ को एक नई पहचान दी है - जहां कानून व्यवस्था के साथ-साथ जनविश्वास भी मजबूत हुआ है। टीम गैलेक्सी के सदस्यों ने इस अवसर पर कहा कि दिलीप सिंह की ईमानदारी, सेवा भावना और जनहित के प्रति समर्पण सदैव समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। वे न केवल एक कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी रहे हैं बल्कि उन्होंने मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल भी कायम की है। गैलेक्सी ठाुप की ओर से दिलीप सिंह को उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और सुखमय जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर गैलेक्सी परिवार के कई सदस्य, स्थानीय समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे जिन्होंने पुलिस सेवा में उनके योगदान को सराहते हुए भावभीनी विदाई दी।

## शुरू करने की मांग

**रतनगढ़।** जैन आचार्य महाश्रमण के फरवरी 2026 से मार्च 2027 तक होने वाले लाडनूं प्रवास को देखते हुए, मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य अनिरुद्ध दायमा ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखकर क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग की है।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त
(द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास
अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के
अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/123
चूंकि प्रार्थी श्री हिमाद्री चतुर्वेदी, वार्ड नंबर 10, विजयपुरा तहसील खण्डेल श्रीमाधोपुर सीकर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास Shri Morvinandan Shyamji Seva Trust, वार्ड नंबर 10, विजयपुरा तहसील खण्डेल श्रीमाधोपुर सीकर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 07-11-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 12/01/2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-द्वितीय

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त
(द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास
अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के
अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/127
चूंकि प्रार्थी श्री श्री जगदीश शर्मा, 5 ब्राह्मणों का मोहल्ला ग्राम खेलना तहसील पावटा जिला कोटपुतली बहरोड़ 303106 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास मंदिर ही जानकी रघुनाथ जी (ज्यानकी रूघनाथ जी) मंदिर टीला जी, तिबारी स्थित मंदिर ही जानकी रघुनाथ जी (ज्यानकी रूघनाथ जी) मंदिर टीला जी ग्राम खेलना तहसील पावटा जिला कोटपुतली बहरोड के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जाच की जा रही है, मे हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 07-11-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 12/01/2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-द्वितीय